# शोध से आईआईटी इंदौर ने सालभर में कमाए 13 करोड़

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि

रिसर्च को लेकर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर (आईआईटी) ने लगातार सुधार करते हुए सभी आईआईटी के बीच अलग पहचान बनाई है। इंस्टिट्यूट ने बीते सत्र में सबसे ज्यादा रिसर्च प्रोजेक्ट कर कमाई की है। सालभर में 18 एजेंसियों के 122 प्रोजेक्ट किए हैं, जिससे 13 करोड़ रुपए की आय हुई है।

संस्थान रिसर्च को बढ़ावा देने के अलावा निरंतर उसकी गुणवत्ता सुधारने में लगा है। इसके चलते कई फंडिंग एजेंसियों का भरोसा आईआईटी इंदौर पर बढ़ा है। इन एजेंसियों ने अलग-अलग सेक्टर में संस्थान से रिसर्च करवाई है, जिनके रिजल्ट अच्छे मिले हैं। बीते पांच साल में रिसर्च प्रोजेक्ट की संख्या दोगुनी हो चुकी है, जिसमें 2013-14 में संस्थान ने 50 से ज्यादा प्रोजेक्ट किए थे। उस दौरान प्रोजेक्ट से संस्थान की कमाई छह करोड़ हुई थी। सत्र 2016-17 में एजेंसियों और प्रोजेक्ट में भी बढ़ोतरी हुई। ये आंकड़े आईआईटी की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

## 18 एजेंसियों के लिए 122 प्रोजेक्ट पर किया काम

### संस्थान का बढ़ा खर्च

सातवां वेतनमान लागू होने से संस्थान का खर्च बढ़ गया है। बीते तीन सालों में खर्च दोगुना हुआ है। 2015-17 में फैकल्टी और स्टाफ को 23 करोड़ 29 लाख रुपए सिर्फ वेतन में दिए। 2016-17 में यह राशि बढ़कर 25 करोड़ 67 लाख पहुंच गई। जबकि 2017-18 में 40 करोड़ 23 लाख रुपए वेतन बांटा गया है।

**Nai Dunia (Indore), 25th February 2019, Page-20**